31.01.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संत गुरु रविदास की 649वीं जयंती के अवसर पर कल पंजाब का दौरा करेंगे।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 पेश करेंगी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रीवा जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण।

और

- 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' का आज पुरस्कार वितरण के साथ हुआ समापन, राज्यपाल ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया सम्मानित ।

प्रधानमंत्री पंजाब दौरा

संत गुरु रविदास की 649वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पंजाब का दौरा करेंगे। वे आदमपुर हवाई अड्डे का दौरा भी करेंगे। वहां प्रधानमंत्री इस हवाई अड्डे का नाम बदलकर नया नाम आदमपुर श्री गुरु रविदास जी हवाई अड्डा रखेंगे। प्रधानमंत्री लुधियाना के हलवारा हवाई अड्डे पर टर्मिनल भवन का भी उद्घाटन करेंगे। यह टर्मिनल भवन राज्य के लिए एक नया प्रवेश द्वार स्थापित करेगा। यह लुधियाना और उसके आसपास के औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करेगा।

राष्ट्रपति–रविदास

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरु रविदास की जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि गुरु रविदास एक पूजनीय संत और महान समाज सुधारक थे और उन्होंने समानता, सामाजिक न्याय और प्रेम का संदेश दिया। राष्ट्रपति ने लोगों से गुरु रविदास की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान भी किया।

निर्मला सीतारामन बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 पेश करेंगी। लोकसभा में बजट पेश होने के बाद बजट प्रति राज्यसभा में पेश की जाएगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का तीसरा बजट होगा।

बजट तैयार करने से पहले, वित्त मंत्री ने विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श बैठकें कीं। इनमें अर्थशास्त्री, ट्रेड यूनियन, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधि, लघु और मध्यम उद्यम, व्यापार और सेवा क्षेत्र, उद्योग जगत, वित्तीय क्षेत्र तथा पूंजी बाजार से जुड़े विशेषज्ञ शामिल थे।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर व्यापक पूर्व-बजट परामर्श बैठकें कीं और वित्त मंत्री को सुझावों की संकलित रिपोर्ट सौंपी।

अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज बंगाल प्रवास के दौरान बागडोगरा और बैरकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ममता सरकार समुदायों को लड़ाकर बंगाल की सामाजिक एकता को खंडित कर रही है। उन्होंने कहा कि 2026 में राज्य की जनता इस "वोट–बैंक की राजनीति" को समाप्त कर भाजपा की सरकार बनाएगी।

मुख्यमंत्री–रीवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रीवा जिले के भैरव बाबा मंदिर में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया। उन्होंने मंदिर परिसर में 17 करोड़ रुपये से अधिक राशि की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय के विस्तारीकरण का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकुट में रामपथ गमन और अन्य निर्माण कार्य किये जा रहे हैं–

शिवराज सिंह नकली बीज

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नकली खाद और बीज बेचने वालों को सख्त चेतावनी दी है। छत्तीसगढ़ में युवा प्रगतिशील किसान संघ द्वारा आयोजित ''किसान मेला 2026'' में श्री चौहान ने कहा कि नकली उत्पादों के कारोबारियों पर अब कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सरकार का लक्ष्य किसानों को शुद्ध खाद–बीज और सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## <u>निःशुल्क खाद्यान्न</u>

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में प्रदेश की लगभग 5.37 करोड़ अबादी को प्रतिमाह निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। इसमें अंत्योदय अन्न योजना में 35 किलोग्राम प्रति परिवार एवं प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को 5 किलोग्राम प्रति सदस्य खाद्यान्न दिया जा रहा है। प्रत्येक पात्रता पर्चीधारी परिवार को राशन दुकान से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

## <u>मौसम</u>

प्रदेश में कड़ाके की ठंड और बेमौसम बारिश का दौर जारी है। बीते 24 घंटों में कटनी का करौंदी क्षेत्र 5 दशमलव 3°डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। छतरपुर, रीवा और दतिया में पारा 6°डिग्री से 7 दशमलव 8°डिग्री के बीच रहने से 'शीतल दिन' जैसी स्थिति बनी रही। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में रीवा, सीधी और छतरपुर में कड़ाके की ठंड का अलर्ट जारी किया है। वहीं, ग्वालियर–दतिया संभाग में घने कोहरे के कारण दृश्यता प्रभावित हो सकती है। सीहोर में बादल छाने और हल्की बारिश के आसार हैं, जिससे ठिठुरन और बढ़ने की संभावना है।

## <u>खेलो एमपी यूथ गेम्स</u>

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आज 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस महाकुंभ में इंदौर संभाग ओवरऑल चैंपियन रहा, जबकि भोपाल दूसरे और जबलपुर तीसरे स्थान पर रहा। खेल मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि 13 जनवरी से शुरू हुए इस आयोजन में 1 लाख खिलाड़ियों ने भाग लिया। पहली बार क्रिकेट के साथ पिट्ठू और रस्साकशी जैसे पारंपरिक खेल भी शामिल हुए। टूर्नामेंट में कुल 723 स्वर्ण, 723 रजत और 895 कांस्य पदक प्रदान किए गए। मंत्री सारंग ने मध्यप्रदेश को खेलों में देश का नंबर–1 राज्य बनाने का संकल्प दोहराया।

संक्षिप्त समाचार

- पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व विभाग के मंत्री और खंडवा के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सर्किट हाउस परिसर में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया।

- देवास जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 14 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक "पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह" मनाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन पशुपालन विभाग के अमले द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्र में किया जा रहा है।

- प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' घोषित करने के उपलक्ष्य में शिवपुरी और खंडवा में जिला प्रशासन ने मोटर साइकिल रैली निकाली, जिसका उद्देश्य किसानों को विभागीय योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।

- बैतूल जिले में 'पीएम कुसुम–बी योजना' के तहत 3254 किसानों को सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई उपलब्ध कराने हेतु जनपद स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए हैं।

- झाबुआ कलेक्टर ने जिले में शांति बनाए रखने के लिए तीन आदतन अपराधियों को 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं।

- शहडोल में 10 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन हेतु प्रशासन ने 4 चरणों की योजना बनाई है, जिसमें 22 फरवरी से सीसीटीवी की निगरानी और कड़ी सुरक्षा के बीच कॉपियों की जांच शुरू होगी।

- राजगढ़ में पशुपालन विभाग 11 फरवरी को 'पैट शो सीजन–2' का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से पशु प्रेमियों को पुरस्कृत और योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा।